तेरा नाम चल रहा है

हमको इस जहाँ से प्यारा,
लगता नाम है तुम्हारा,
दिल में श्याम श्याम हर पल,
धड़कन सा मचल रहा है,
तेरा नाम चल रहा है,
जय श्री श्याम चल रहा है.....

दूर रह के भी साथ हो मेरे मुझको विश्वास है,
मौजूद हो मेरे संग मुझको होता आभास है,
मेरी साँसों के ही संग में आठों याम चल रहा है,
तेरा नाम चल रहा है,
जय श्री श्याम चल रहा है.....

डगमगाई जो मैं ज़रा सा तो थाम लेते हो तुम,
गिर ना जाऊं मैं लड़खड़ा के संभाल लेते हो तुम,
मेरे हर सफर को बाबा अब अंजाम मिल रहा है,
तेरा नाम चल रहा है,
जय श्री श्याम चल रहा है......

रहना बाबा तू संग मेरे ये तुमसे अरदास है,
आकृति ये कह सके मेरा श्याम बस पास है,
तेरी ही कृपा से बाबा हर तूफ़ान टल रहा है,
तेरा नाम चल रहा है,
जय श्री श्याम चल रहा है......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27624/title/tera-naam-chal-raha-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |